Rajasthan Technical University, Kota

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010

Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

No. F(27)/RTU/COE/Exam/Sec/2021/ 7524 Date : 30/10/2021

समस्त निदेशक / प्राचार्य
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा
से संम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान

विषय :–सत्र 2020–21 में नामांकित एम.सी.ए. पाठ्यक्रम के छात्रों की ब्रिजकोर्स की परीक्षा का ऑनलाइन आयोजन के सम्बन्ध में।

संदर्भ :–वि.वि.पत्र कमांक No. F(23)/Exam conduct/2020-21/5.216/6292 Dated 01/10/2021

महोदय,

कृपया उपरोक्त संदर्भित विश्वविद्यालय पत्र की निरन्तरता के कम में अवगत कराना है कि अकादमिक सत्र 2020–21 के एम.सी.ए. प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत् ऐसे छात्र / छात्रा जिनकी अर्हकारी परीक्षा BCA, B.Sc. (CS/IT) एवं B.Tech. के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रम हैं, को ब्रिजकोर्स की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। अन्यथा वे छात्र तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश के योग्य नहीं होंगे। कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत यह परीक्षा ऑनलाईन मोड में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है।

Bridge Course Scheme

1	Theory	MCA-B00	Fundamentals of Computer Scicence	For students **except** BCA/B.Sc (CS/IT) & B.Tech. Course
2	Practical	MCA-B01	C Programming Lab.	

उपरोक्त ऑनलाईन परीक्षा के सफल आयोजन हेतु निम्न बिन्दुओं से सूचित होने व संबधित छात्र / छात्राओं को अनिवार्य रूप से सूचित कराना आवश्यक है:–

1. उक्त परीक्षा बहु–वैकल्पिक (Multiple Choice Questions) के आधार पर ऑनलाईन मोड पर करायी जायेगी।
2. ऑन–लाइन परीक्षा के प्रश्न–पत्र में 50 प्रश्न तथा समय 1:15 घण्टे (75 मिनिट) का होगा।
3. समस्त अध्ययनरत छात्र / छात्राऐं अपने घर अथवा ऐसा उपयुक्त स्थान जो ऑनलाईन परीक्षा मापदण्डो अनुसार उपयुक्त हों व जहाँ सतत् विद्युत व इन्टरनेट आपूर्ति की उपलब्धता हो, में उपस्थित होकर मोबाइल / लैपटॉप / टेबलेट / कम्प्यूटर इत्यादि जिसमें वेबकैमरा / फ्रंटकैमरा तथा स्पीकर, माईक की अनिवार्य रूप से उपलब्धता हो, के माध्यम से परीक्षा दे सकते है।
4. प्रश्न–पत्रों में कोई Negative Marking नहीं है।

उक्त के कम में यह भी अवगत कराना है कि उक्त ऑन–लाइन परीक्षा के सफल आयोजन एवं छात्रों की सटीक जानकारी के दृष्टिगत् सभी छात्रों जिनके द्वारा अन्तिम सेमेस्टर का नियत समय में परीक्षा फॉर्म मय शुल्क महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करा दिया गया है, का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व एक डेमो मॉक टेस्ट आयोजित कराया जायेगा। उक्त मॉक टेस्ट में छात्रों द्वारा परीक्षा फॉर्म में भरे गये विषयों का सत्यापन, चेहरे के फोटो का नमूना, सुस्पष्ट सरकारी फोटो आई डी प्रूफ (जो परीक्षा दिवस में परीक्षार्थी द्वारा दिखाई जानी अनिवार्य होगी) एकत्रित करने का कार्य एवं परीक्षार्थीयों द्वारा वास्तविक परीक्षा में प्रयुक्त होने वाले App/Software से उनको अवगत / अभ्यस्त करने का कार्य विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा, जिनकी विस्तृत सूचना शीघ्र ही जारी की जायेगी। उक्त रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया व ऑनलाइन डेमों मॉक टेस्ट में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को ही ऑनलाइन मुख्य परीक्षा में भाग लेने की प्रक्रिया, लिंक, यूजर नेम व पासवर्ड

Rajasthan Technical University, Kota

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010

Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, मॉक टेस्ट में सभी छात्रों को प्रतिभाग (participate) करना अनिवार्य है। यदि उक्त ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, मॉक टेस्ट में किसी भी छात्र द्वारा प्रतिभाग नहीं किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में उक्त छात्र/छात्रा को ऑनलाइन मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं होगी और छात्र स्वंय इस हेतु उत्तरदायी होगा।

ऑनलाइन परीक्षा कि तीनों गतिविधियों यथा, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, ऑनलाइन मॉक डेमो टेस्ट, ऑनलाइन मुख्य परीक्षा का **सम्भावित कार्यक्रम** निम्नानुसार हैः–

(i)	Start of Online Registration	- 10.11.2021
(ii)	Online Mock Demo Test	- 12.11.2021
(iii)	Start of Online Bridge Course Exam	- 15.11.2021

उक्त उल्लेखित समस्त तिथियॉ संभावित है।

उक्त कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का है तथा वि.वि. द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुपालन में कराया जा रहा है। अतः उक्त ऑनलाईन परीक्षा की समस्त प्रक्रिया व परीक्षा में किसी भी स्तर व प्रकार की लापरवाही/त्रुटि स्वीकार्य नहीं होगी व सम्बन्धित उसके लिये व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को व्यक्तिगत रूप से जागरूक कराते हुए उक्त रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, प्रशिक्षण एवं मॉक टेस्ट हेतु तैयार रहने के लिए सूचित कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

आपके सहयोग की आशा में।

भवदीय

(प्रो. धीरेन्द्र माथुर)
परीक्षा नियंत्रक
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर